हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शनिवार
25 फरवरी 2023, फाल्गुन शुक्ल पक्ष, षष्ठी, विक्रम संवत 2079, बरेली

PAGE NO 8 : MIDDLE

हिन्दुस्तान क्रिकेट लीग में दूसरे दिन हुए चार मैच

क्रिकेट लीग

हिन्दुस्तान क्रिकेट लीग में शुक्रवार को एसआरएमएस में खेले गए मैच का उद्घाटन देव मूर्ति ने किया।

बरेली, मुख्य संवाददाता। हिन्दुस्तान क्रिकेट लीग के दूसरे दिन अलग-अलग मैदानों पर चार मैच खेले गये। स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहले मैच में इन्वर्टिस ने निहाल श्याम लाइंस को जबकि दूसरे मैच में गंगा ज्योति नाइट् राइडर्स ने जावा मास्टर को हराकर अपने अपने मैच जीत लिये।

इन्वर्टिस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर नीरज के 58 और कप्तान नितेश भारद्वाज के 31 रनों की मदद से 166 रनों का स्कोर बनाया। निहाल श्याम लाइंस की ओर से यासिर ने 3 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करते हुये निहाल श्याम लाइंस की टीम 132 रन ही बना सकी। लाइंस की ओर से आरिफ ने सर्वाधिक 40 रनों का योगदान दिया। दूसरे मैच में गंगा ज्योति नाइट् राइडर्स ने जावा मास्टर को 3 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जावा मास्टर ने कमलकांत बेलवाल के 38 और आतिफ के 34 रनों की मदद से 147 रनों का स्कोर खड़ा किया। नाइट् राइडर्स की ओर से अर्पित ने 3 विकेट प्राप्त किये। जवाब में खेलनी उतरी गंगा ज्योति नाइट् राइडर्स ने लक्ष्य को 17 ओवर में सिद्धार्थ के 55 और रवि सविता के 34 रनों की मदद से आसानी से प्राप्त कर लिया।

एसआरएमएस के मैदान पर हुये मैच में डीजी इंफ्रा ने फ्यूचर दबंग को 21 रनों से और रेडिसन रॉयल्स ने ग्लोबल को 5 विकेट हरा दिया। पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुये डीजी इंफ्रा ने फ्यूचर दबंग के सामने 170 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में फ्यूचर दबंग की टीम 148 रन ही बना सकी। दूसरे मैच में एकतरफा मुकाबले में रेडिसन रॉयल्स ने ग्लोबल को आसानी से 5 विकेट से हरा दिया। रेडिसन की ओर से कप्तान अभिषेक द्विवेदी ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 5 विकेट प्राप्त किये।